SKYC–B–GEO

भूगोल (प्रश्न-पत्र–II)

निर्धारित समय : तीन घण्टे

अधिकतम अंक : 250

प्रश्न-पत्र सम्बन्धी विशेष अनुदेश

(कृपया प्रश्नों के उत्तर देने से पूर्व निम्नलिखित प्रत्येक अनुदेश को ध्यानपूर्वक पढ़िए)

इसमें **आठ** प्रश्न हैं जो दो खण्डों में विभाजित हैं तथा **हिन्दी** और **अंग्रेजी** दोनों में छपे हुए हैं।

परीक्षार्थी को कुल **पाँच** प्रश्नों के उत्तर देने हैं।

प्रश्न संख्या **1** और **5** अनिवार्य हैं तथा बाकी प्रश्नों में से प्रत्येक खण्ड से कम-से-कम **एक** प्रश्न चुनकर **तीन** प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

प्रत्येक प्रश्न/भाग के लिए नियत अंक उसके सामने दिए गए हैं।

प्रश्नों के उत्तर उसी प्राधिकृत माध्यम में लिखे जाने चाहिए, जिसका उल्लेख आपके प्रवेश-पत्र में किया गया है, और इस माध्यम का स्पष्ट उल्लेख प्रश्न-सह-उत्तर (क्यू० सी० ए०) पुस्तिका के मुखपृष्ठ पर निर्दिष्ट स्थान पर किया जाना चाहिए। प्राधिकृत माध्यम के अतिरिक्त अन्य किसी माध्यम में लिखे गए उत्तर पर कोई अंक नहीं मिलेंगे।

प्रश्नों की शब्द-सीमा, जहाँ विनिर्दिष्ट है, का अनुसरण किया जाना चाहिए।

जहाँ आवश्यक हो, अपने उत्तर को उपयुक्त चित्रों/मानचित्रों तथा आरेखों द्वारा दर्शाइए। इन्हें प्रश्न का उत्तर देने के लिए दिए गए स्थान में ही बनाना है।

प्रश्नों के उत्तरों की गणना क्रमानुसार की जाएगी। आंशिक रूप से दिए गए प्रश्नों के उत्तर को भी मान्यता दी जाएगी यदि उसे काटा न गया हो। प्रश्न-सह-उत्तर पुस्तिका में खाली छोड़े गए कोई पृष्ठ अथवा पृष्ठ के भाग को स्पष्ट रूप से काटा जाना चाहिए।

GEOGRAPHY (PAPER–II)

Time Allowed : Three Hours

Maximum Marks : 250

QUESTION PAPER SPECIFIC INSTRUCTIONS

(Please read each of the following instructions carefully before attempting questions)

There are EIGHT questions divided in two Sections and printed both in HINDI and in ENGLISH.

Candidate has to attempt FIVE questions in all.

Question Nos. **1** and **5** are compulsory and out of the remaining, THREE are to be attempted choosing at least ONE question from each Section.

The number of marks carried by a question/part is indicated against it.

Answers must be written in the medium authorized in the Admission Certificate which must be stated clearly on the cover of this Question-cum-Answer (QCA) Booklet in the space provided. No marks will be given for answers written in a medium other than the authorized one.

Word limit in questions, wherever specified, should be adhered to.

Illustrate your answers with suitable sketches/maps and diagrams, wherever considered necessary. These shall be drawn in the space provided for answering the question itself.

Attempts of questions shall be counted in sequential order. Unless struck off, attempt of a question shall be counted even if attempted partly. Any page or portion of the page left blank in the Question-cum-Answer Booklet must be clearly struck off.

Optional Province · optionalprovince.com

खण्ड—A / SECTION—A

1. *(a)* आपको दिए गए भारत के रेखा मानचित्र पर, निम्नलिखित सभी की स्थिति को अंकित कीजिए। अपनी क्यू० सी० ए० पुस्तिका में इन स्थानों में से प्रत्येक का भौतिक/वाणिज्यिक/आर्थिक/पारिस्थितिक/पर्यावरणीय/सांस्कृतिक महत्त्व अधिकतम *30* शब्दों में लिखिए :

On the outline map of India provided to you, mark the location of all of the following. Write in your QCA Booklet the significance of these locations, whether physical/commercial/economic/ecological/environmental/cultural, in not more than *30* words for each entry : 2×10=20

(i) नाथुला
Nathula

(ii) हट्टी
Hutti

(iii) रॉस द्वीप
Ross Island

(iv) मोरेह
Moreh

(v) रामप्पा
Ramappa

(vi) नामदाफा राष्ट्रीय उद्यान
Namdapha National Park

(vii) सेला सुरंग
Sela Tunnel

(viii) एन्नोर बंदरगाह
Ennore Port

(ix) रामागुंडम
Ramagundam

(x) बेतवा नदी
Betwa River

Optional Province · optionalprovince.com

INDIA

WITH AFGHANISTAN, BANGLADESH, BHUTAN, NEPAL, MYANMAR (BURMA), PAKISTAN AND SRI LANKA



(b) भारत में गोंडवाना प्रणाली की चट्टानों की उत्पत्ति, वितरण और आर्थिक महत्त्व का वर्णन कीजिए।
Describe the origin, distribution and economic significance of Gondwana system of rocks in India. 10

Optional Province · optionalprovince.com

(c) मौसम पूर्वानुमान और आपदा प्रबंधन को बढ़ाने में भारतीय पृथ्वी अवलोकन उपग्रह प्रौद्योगिकी की भूमिका का परीक्षण कीजिए।

Examine the role of Indian Earth Observation Satellite Technology in enhancing weather forecasting and disaster management. 10

(d) भारत में वन संरक्षण पर राष्ट्रीय हरित अधिकरण अधिनियम, 2010 के प्रभाव की विवेचना कीजिए।

Discuss the impact of the National Green Tribunal Act, 2010 on forest conservation in India. 10

2. (a) भारत के महानगरीय क्षेत्रों में ठोस अपशिष्ट के कारण उत्पन्न पर्यावरणीय चुनौतियों का परीक्षण कीजिए और इस पर काबू पाने के प्रयासों की विवेचना कीजिए।

Examine the environmental challenges caused by the solid waste in metropolitan regions of India and discuss the efforts to overcome it. 20

(b) मोटे अनाज को 'पोषक अनाज' और जलवायु-लचीला क्यों माना जाता है? भारत में मोटे अनाज की खेती की बाधाओं और (सु)अवसरों की विवेचना कीजिए।

Why are millets considered as 'nutri-cereals' and climate-resilient? Discuss the constraints and opportunities of millet cultivation in India. 15

(c) भारतीय द्वीपों के भू-रणनीतिक महत्त्व का परीक्षण कीजिए।

Examine the geostrategic significance of Indian islands. 15

3. (a) भारतीय औषधीय उद्योग को वैश्विक बाजार पर कब्जा करने के लिए 'मात्रा' से लेकर 'मूल्य' नेतृत्व तक आगे बढ़ना होगा। विवेचना कीजिए।

Indian Pharma Industry has to move from 'volume' to 'value' leadership to capture global market. Discuss. 20

(b) सिन्धु-गंगा मैदान के विशेष संदर्भ में बाढ़ की समस्याओं एवं उनके प्रबन्धन की विवेचना कीजिए।

Discuss the problems of floods and their management with special reference to Indo-Gangetic Plain. 15

(c) भारत के विशेष संदर्भ में अंतर्राष्ट्रीय भू-राजनीति पर पेट्रोलियम ऊर्जा संसाधनों की भूमिका का समालोचनात्मक परीक्षण कीजिए।

Critically examine the role of petroleum energy resources on International Geopolitics with special reference to India. 15

Optional Province · optionalprovince.com

4. *(a)* गिरती प्रजनन दर और बढ़ती औसत आयु के साथ, भारत जनसांख्यिकीय लाभांश को आर्थिक लाभांश में कैसे बदल सकता है?

With falling fertility rate and rising median age, how can India translate demographic dividend to economic dividend? 20

(b) भारत में शहरी नियोजन की खराब गुणवत्ता शहरीकरण की वास्तविक आर्थिक क्षमता को साकार करने में एक बड़ी बाधा है। समालोचनात्मक परीक्षण कीजिए।

Poor quality of urban planning in India is a huge constraint in realizing the true economic potentials of urbanization. Critically examine. 15

(c) भारत की व्यापार नीति की प्रमुख विशेषताओं को चिह्नांकित कीजिए। चीन के साथ भारत के व्यापार संतुलन की स्थिति की विवेचना कीजिए।

Highlight the salient features of India's trade policy. Discuss the status of India's balance of trade with China. 15

खण्ड—B / SECTION—B

5. निम्नलिखित में से प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग *150* शब्दों में दीजिए :
Answer the following questions in about *150* words each : 10×5=50

(a) भारत में जूट उत्पादक क्षेत्रों की पहचान कीजिए तथा जूट मिल उद्योग में गिरावट के प्रमुख कारणों की विवेचना कीजिए।

Identify the jute-producing areas and discuss the major causes of decline of jute mill industry in India.

(b) भारत के बड़े शहरों में शहरी निर्मित वातावरण भू-दृश्य के जैव भौतिकीय चरित्र में मुख्य परिवर्तन पैदा करता है। विवेचना कीजिए।

Urban built environment in big cities of India creates key changes in biophysical character of the landscape. Discuss.

(c) पूर्वी घाटों की भूवैज्ञानिक विशेषताओं और पारिस्थितिक महत्त्व की व्याख्या कीजिए।

Explain the geological characteristics and ecological significance of the Eastern Ghats.

Optional Province · optionalprovince.com

(d) भारत के सांस्कृतिक क्षेत्रों की उनकी सांस्कृतिक विशेषताओं के आधार पर व्याख्या कीजिए।
Explain the cultural regions of India based on their cultural attributes.

(e) भारत के आर्थिक विकास और राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए क्रांतिक खनिज क्यों आवश्यक हैं?
Why are critical minerals essential for the economic development and national security in India?

6. (a) बड़ी संख्या में भारतीय शहरों में उनके ऐतिहासिक विकास के कारण जटिल रूपात्मक विशेषताएँ होती हैं। स्पष्ट कीजिए।
A large number of Indian cities have a complex morphological characteristics due to their historical evolution. Elucidate. 20

(b) भारत में सतत कृषि विकास के लिए जैविक खेती के महत्त्व की विवेचना कीजिए।
Discuss the significance of organic farming for sustainable agricultural development in India. 15

(c) भारत एवं श्रीलंका के बीच द्विपक्षीय संबंध के भू-राजनीतिक प्रभाव का परीक्षण कीजिए।
Examine the geopolitical impact of bilateral relationship between India and Sri Lanka. 15

7. (a) पेरिस समझौते पर हस्ताक्षरकर्ता राष्ट्र के रूप में भारत की हरित ऊर्जा पहल पर चर्चा कीजिए।
Discuss the green energy initiatives of India as a signatory nation to the Paris Agreement. 20

(b) भारत का पोल्ट्री क्षेत्र देश के कृषि क्षेत्र के सबसे तेजी से बढ़ते क्षेत्रों में से एक बन गया है। इसके अवसरों और चुनौतियों का परीक्षण कीजिए।
India's poultry sector has become one of the fastest growing areas of the country's agricultural sector. Examine its opportunities and challenges. 15

(c) इन्दिरा गाँधी नहर कमांड क्षेत्र विकास के पारिस्थितिक और आर्थिक प्रभाव का समालोचनात्मक परीक्षण कीजिए।
Critically examine the ecological and economic impact of Indira Gandhi Canal Command Area development. 15

8. (a) भारत कृषि उत्पादकता में कई अन्य देशों से पीछे क्यों है? सभी क्षेत्रों में टिकाऊ तरीके से उत्पादकता बढ़ाने के लिए उपयुक्त उपाय सुझाइए।
Why India lags behind many other countries in agricultural productivity? Suggest suitable measures to raise productivity across the regions in a sustainable manner. 20

Optional Province · optionalprovince.com

(b) अण्डमान और निकोबार द्वीपसमूह एवं लक्षद्वीप की पारिस्थितिकी-पर्यटन क्षमता का आकलन कीजिए और द्वीप क्षेत्रों के सतत विकास से जुड़ी चुनौतियों पर प्रकाश डालिए।

Assess the ecotourism potential of Andaman and Nicobar, Lakshadweep islands and highlight the challenges associated with the sustainable development of island territories. 15

(c) भारतीय राज्यों में स्वास्थ्य संकेतकों की क्षेत्रीय विविधताओं का वर्णन कीजिए।

Describe the regional variations of health indicators among the Indian States. 15

★★★

Optional Province · optionalprovince.com